15- JAN- K&C- MAIN- Pg- 5 RAJDHANI_Layout 1 1/15/2024 11:36 PM Page 1



# एकतरफा प्यार में नाबालिगों ने खेला खूनी खेल, 3 नाबालिग समेत 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ सलखन में दो छात्रों की हत्या का हुआ पर्दाफाश, प्रेमिका से मिलाने के बहाने बुलाकर ली थी जान

ग्राम सलखन से गुम हुए दो बालकों की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 36 घंटे के अंदर सुलझा ली है। खास बात यह है कि छात्रा के एकतरफा प्यार में पड़े दो छात्रों के बीच रंजिश इस कदर बढ गई कि छात्रा को चाहने वाले छात्र और उसके साथी की 5 लोगों ने मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों में 3 नाबालिग है। जिनमें से एक नाबालिग भी उसी को चाहता था।

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम सलखन में दो छात्रों के अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राम सलखन में दो बालक 7 जनवरी को रात्रि 10 बजे के बाद से अचानक गुम हो गए। परिजनों द्वारा आसपास ढूंढने के बाद 9 जनवरी को नाबालिग बालकों के गुम होने की सूचना दी गई। जिस पर थाना शिवरीनारायण में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। इस दौरान सूचना मिली कि ग्राम बरभांठा नहर पुल में नहर के अंदर पानी में एक शव सेमरा से गोधना की तरफ बह रहा है। बताया जाता है कि शव पुल पर फंसा था, जो पानी आने पर शव बाहर निकल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तथा पंचनामा की कार्रवाई की गई। इस दौरान शव की पहचान गुम हुए एक बालक के रूप में हुई। फिर दूसरे गुम हुए बालक की भी तलाश की गई। जिसका शव उसी नहर में पोडी डबरी फॉल पुल के पास कचरे के साथ फंसा मिला। दोनों की हत्या की आशंका पर जांच शुरू की गई। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट अनुसार सिर में चोट की वजह से उनकी मौत हुई थी। विवेचना के दौरान रास्ते के सीसीटीवी फूटेज एवं मुखबिर की सहायता से पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू की। तब विधि से संघर्षरत बालक के बारे में जानकारी मिली।


प्रेसवार्ता में हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल तथा वारदात में प्रयुक्त राड।

इस पर पुलिस ने सादे ड्रेस में उनके परिजनों के समक्ष ही विधि से संघर्षरत बालकों से पूछताछ की, तब पता चला कि विधि से संघर्षरत बालक और उक्त बालक (मृतक) एक ही छात्रा को चाहते थे। इसको लेकर उनके बीच आपसी रंजिश और मनमुटाव था। इसी वजह से उसने अपने साथी दो अन्य नाबालिग तथा आरोपी हेंमत प्रसाद बंजारे पिता सुकालू प्रसाद बंजारे 21 वर्ष, प्रभात भैना पिता आनंद राम भैना 19 वर्ष दोनों साकिनान टंकी के पास नहर पार बरभांठा थाना नवागढ को इसमें शामिल किया। उन्होंने योजना बनाकर उक्त नाबालिग (मृतक) को उसकी प्रेमिका से मिलाने के बहाने बरभांठा पानी टंकी के पास से सेमरा की ओर सूखी नहर तीसरे फॉल के पास बुलाया और जब वे दोनों बालक पहुंचे थे तो पहले से पीछे दोनों आरोपी और तीनों नाबालिगों ने मिलकर लोहे की राड और पाईप से उन पर हमला कर दिया। हत्या के बाद उन्होंने दोनों के शवों को नहर फाल के गड्ढे में डालकर पैरा से ढंक दिया। फिर मृतक की मोटर सायकल को घटना स्थल से लगभग 2 किमी. मुडपार रोड के किनारे तालाब में छिपा दिये।

## खबर संक्षेप

### ज्वेलरी शॉप से महिलाओं ने उड़ाए सोने के पांच लॉकेट

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के एक ज्वेलरी शोरूम में दो शातिर महिलाओं ने जेवर खरीदने के बाहने 50 हजार रुपए से ज्यादा कीमत के पांच सोने के लॉकेट पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी महिलाओं की पतासाजी करने में जुटी हुई है। घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक आरोपी महिलाओं की तलाश नहीं कर पाई है। पुलिस के मुताबिक सदरबाजार निवासी भीमराव जाधव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। भीमराव ने पुलिस को बताया कि उनकी गुढ़ियारी स्थित आंबेडकर चौक पर ज्वेलरी शॉप है। 3 जनवरी को दो महिलाएं उसकी दुकान पर जेवर खरीदने के बहाने पहुंचीं। महिलाएं अपने चेहरे को स्कार्फ से ढंकी हुई थीं।

### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**रायपुर।** अपराध पर अंकुश लगाने के साथ-साथ पुलिस मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ इन दिनों अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने कालीबाड़ी में रहने वाले एक हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से डेढ़ हजार से ज्यादा प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। कोतवाली टीआई जितेंद्र ताम्रकार के मुताबिक नशीली टेबलेट के साथ जियाउल उर्फ जाउल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार जियाउल के खिलाफ हत्या की कोशिश, मारपीट, आबकारी, नारकोटिक्स के अलावा प्रतिबंधात्मक धाराओं के डेढ़ दर्जन से ज्यादा मामले कोतवाली थाने में दर्ज हैं। पुलिस ने गांधी मैदान के पास जियाउल को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से पुलिस ने निट्राजेपम नाइट्रोसन नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की है।

# छग में धान बेचने अब समय कम, भरपूर आवक कई सोसायटियों में जाम के हालात

*39 प्रतिशत खरीदी केंद्रों में धान खरीदी पर संकट, 571 में तीन दिन का बारदाना शेष*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के अब 13 दिन शेष रह गए हैं। धान की बंपर आवक से कई खरीदी केंद्रों में धान रखने के लिए नहीं बची है। 2739 खरीदी केंद्रों में से 1082 केंद्रों में उठाव नहीं होने से धान जाम पड़ा है। वहीं प्रदेश के 517 खरीदी केंद्रों में केवल तीन दिन की धान खरीदी के लिए बारदाने शेष हैं। बारदाने की कमी और बफर स्टॉक के चलते कुल 60 प्रतिशत केंद्रों में धान खरीदी पर असर पड़ सकता है। लक्ष्य के करीब पहुंच चुकी खरीदी के अंतिम समय में बारदाने के संकट से गुजरना पड़ रहा है। 21 क्विंटल धान खरीदी की वजह से खरीदी केंद्रों में बारदाने कम पड़ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ वर्ष में कुल 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य तय किया गया था। लक्ष्य के मुकाबले किसानों से करीब 103 लाख 63 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। प्रदेश के कई जिलों के खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने के कारण वहां पर धान जाम है। इनमें धान उत्पादक जिले बलौदाबाजार, बेमेतरा, बालोद, कवर्धा, राजनांदगांव, दुर्ग और कांकेर जिले के खरीदी केंद्रों सहित 1082 खरीदी केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं बची है। यहां पर आने वाले दिनों में धान का उठाव नहीं होने पर खरीदी करना मुश्किल होगा। रखने की जगह के अलावा इन केंद्रों में कई ऐसे केंद्र है।

### 1 लाख 18 हजार गठान बारदाने शेष

प्रदेश में 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी करने के लिए 6 लाख 50 हजार गठान बारदाने की आवश्यकता थी। डीजीएसएण्ड से राज्य को लगभग एक लाख गठान कम मिला। धान खरीदी शुरू होने के बाद अब तक 5 लाख 26 हजार गठान से अधिक बारदाने का उपयोग धान खरीदी में हो चुका है। अब खरीदी केंद्रों में मात्र 1 लाख 18 हजार बारदाने शेष हैं। नई सरकार आने के बाद 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी के आदेश जारी होने के बाद बारदानों की संख्या नहीं बढ़ी। कई ऐसे केंद्र हैं, जहां पर बारदाने दो-तीन दिन की खरीदी के लिए शेष बचे हैं।



### उठाव जारी बारदाने उपलब्ध कराएंगे

मार्कफेड के महाप्रबंधक ने बताया कि धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 86 लाख 62 हजार 842 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा 63 लाख 15 हजार 722 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। खरीदी केंद्रों में बारदाने की कमी दूर करने एक-दो दिनों में बारदाने उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### 71 प्रतिशत उठाव, 16 प्रतिशत चावल जमा

प्रदेश में धान खरीदी के साथ जिलों में मिलिंग के लिए मिलरों को डीओ जारी किए जाते रहे। कई जिलों में जहां पर राइस मिलर्स पंजीकृत नहीं, उन्हें पड़ोस के जिले के मिलरों का डीओ जारी किया गया। अब तक 86 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया। इसमें से 71 प्रतिशत का ही उठाव हो पाया। मिलरों ने जितना उठाव किया, उसमें से मात्र 16 प्रतिशत चावल एफसीआई और नान में जमा किया गया। एफसीआई में 2.96 लाख टन और नान में 7.05 लाख टन चावल जमा हुआ है।

# भोजन की तलाश में निकले हाथियों को मिली मौत, प्रशासन गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल में बीते वर्ष 2023 में 8 गजराजों की मौत के मामले सामने आए। इन 8 में से 6 हाथियों की मौत करंट की चपेट में आने से हुई। इन मामलों में वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जरूर की, लेकिन यह घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। धरमजयगढ़ वन मंडल में घने जंगल व अनुकुल परिवेश होने के कारण यहां काफी संख्या में हाथियों की मौजूदगी रहती है। जंगल से निकल कर अक्सर हाथी ग्रामीण इलाकों सहित खेत की ओर पहुंच जाते हैं, जिससे खेत में लगी फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है। खेतों में लगी फसलों को नुकसान से बचाने के लिए करंट प्रवाहित तार का इस्तेमाल करते हैं। किंतु यह तकनीक हाथियों की मौत बड़ी वजह बन कर सामने आते हैं। हर वर्ष करंट से हाथियों की मौत के मामले में इजाफा देखने को मिल रहा है। सबसे अहम बात यह है कि इसे रोकने के लिए कई तरह की तरकीबें और योजनाएं बनाई गईं, किंतु इसका असर अब तक देखने को मिला। धरमजयगढ़ में मानव हाथी द्वंद की रोकथाम को लेकर कार्यशाला का भी आयोजन करीब दो वर्ष पहले कलेक्टोरेट में किया गया था, जिसमें इस अहम तथ्यों को लेकर चर्चा हुई थी। इसमें रायगढ़, धरमजयगढ सहित पड़ोसी जिलों के वन विभाग के आलाधिकारी भी उपस्थित हुए थे।





E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership.

**एम स्क्वायर मोटर्स**
बिलासपुर: ट्रांसपोर्ट नगर, परसदा 62626 22502, 62626 22503, 62626 22506. पेंड्रा: 6262622509. अकलतरा: 6262622512. घरघोड़ा: 62690 02112/62626 22511.

**सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड**
बिलासपुर: पुराना बस स्टैण्ड, 70898 88881. मुंगेली: 95222 00991. कोरबा: 70898 88882. जांजगीर: 95222 00990. कटघोरा: 76939 41111. सक्ति: 95222 00997 रायगढ़: 70898 88883. सारगंढ़: 95222 00993. खरसिया: 95222 00994. शिवरीनारायण: 7692031111.

**महामाया ऑटोकार्स प्रा.लि.**
अम्बिकापुर: 9516609614, 9516609603. मनेन्द्रगढ़: 9516609622. बैकुंठपुर: 9516609608. पत्थलगांव: 9516609616. सूरजपुर: 9516609607.

*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only. **Fuel efficiency as certified by test agency under Rule 115 of CMVR 1989. For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to the Owner' s Manual. All Loans & schemes are under the sole discretion of the Finance Partner.

